# ढांचा भवन आगजनी के आरोपियों का निकाला जुलूस

## बदमाशों के पास से देशी कट्टा और 1 जिंदा राउंड जब्त

**उज्जैन। ढांचा भवन में 11 अप्रैल की रात मकान पर पेट्रोल डालकर आग लगाने और हवाई फायर कर दहशत फैलाने वाले 3 बदमाशों को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। जिनके पास से देशी कट्टा और 1 जिंदा राउंड जब्त किये गये। आगजनी मामले में 13 से अधिक नाम सामने आये थे। अब तक 8 की गिरफ्तारी की जा चुकी है।**

चिमनगंज थाना क्षेत्र के ढांचा भवन में रहने वाले बदमाश रौनक गुर्जर के मकान में 11 अप्रैल की रात पांच बाइक पर सवार होकर आये एक दर्जन से अधिक बदमाशों ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी थी। बदमाशों ने क्षेत्र में हवाई फायर भी किया था। आगजनी का वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने संज्ञान लिया था। वहीं रौनक गुर्जर के पिता मनोहर गुर्जर की शिकायत पर आगजनी का प्रकरण दर्ज किया था। आगजनी के समय मकान में कोई नहीं था। पुलिस ने वीडियो के आधार पर 13 से अधिक बदमाशों की पहचान की थी। जो बुंदेला गैंग के होना सामने आये थे। गुर्जर और बुंदेला गैंग में लम्बे समय से वर्चस्व की लड़ाई और रंजिश चली आ रही है। आग लगाने और फायर करने वाले बदमाशों की पहचान होने पर पुलिस ने निजातपुरा के रहने वाले संतोष परमार की 14 अप्रैल को गिरफ्तारी कर ली थी। पूछताछ में उसने अपने साथियों यशवेन्द्र उर्फ छिंगु बुन्देला, किशोर पटेल, मोहित पटेल, अमन उर्फ बच्चा, बबलू ठाकुर, ओम उर्फ बच्चा, चीनू मराठा, निखिलेश उर्फ निक्कू मराठा, राहुल उर्फ भय्यू गोहर, निक्कू गोहर, आशुतोष उर्फ आशु, राहुल उर्फ सूर्या सूर्यवंशी और अन्य के नाम बताये थे। जिनकी तलाश पुलिस लगातार कर रही थी। अब तक आठ आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। पांच की गिरफ्तारी शेष है, जिन्हें जल्द गिरफ्तार करने की बाद पुलिस द्वारा कही जा रही है।



### जुलूस निकाल कर किया न्यायालय में पेश

25 अप्रैल को फरार आरोपियों में शामिल 2 बदमाश किशोर पटेल निवासी चिंतामण और कुख्यात बदमाश छिंगू बुंदेला के रिश्तेदार रितेश उर्फ राजा शर्मा को गिरफ्तार किया गया था। 2 दिन पहले आगजानी में शामिल दो नाबालिग भी पुलिस की हिरासत में आ गए। एक बार फिर पुलिस में बुधवार को घटनाक्रम के बाद से ही फरार चल रहे तीन आरोपी राहुल गोहर, निखिल पवार निवासी भैरुनाला और राहुल सूर्यवंशी को गिरफ्तार किया। जिनके पास से एक देशी कट्टा जब्त किया गया है। तीनों का जुलूस निकाला और दोपहर बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

### देर रात रेलवे ट्रैक पर मिला पेंटर का शव

उज्जैन। बीती रात रेलवे ट्रैक से एक युवक की लाश मिली जिसकी पहचान पेंटर के रूप में हुई है। मामला हादसा प्रतीत हो रहा है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की है। परिजनों के बयान दर्ज किए जाएंगे। पंवासा थाना पुलिस ने बताया कि रात में केसरबाग कॉलोनी के पीछे रेलवे मृतक के सिर में चोट लगी होना सामने ट्रैक पर एक युवक की लाश पड़ी होने की सूचना मिली थी। घटना स्थल पहुंचने पर आया। मौके पर जानकारी जुटाने और साक्ष्य तलाशने पर प्रतीत हुआ कि मृतक रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन से टकराया है। संभवत: वह नशे की हालत में था। पुलिस ने उसकी पहचान के प्रयास शुरू किए। कुछ देर में ही पता चला कि मृतक पंवासा का रहने वाला विष्णु पिता रामलाल मेघवाल 35 साल था जो मूलरूप से सोयत का रहने वाला था। पंवासा में रहकर वह पेंटरी का काम करता था। पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। पोस्टमार्टम के बाद शव अंतिम संस्कार के लिए सौंपा गया है।



# प्राधिकरण अध्यक्ष सोलंकी ने किया ऑफिस का निरीक्षण

## स्टॉफ परिचय के बाद ली औपचारिक बैठक

**उज्जैन।** 28 अप्रैल को पदभार ग्रहण के पश्चात 29 अप्रैल को प्राधिकरण अध्यक्ष रविन्द्र (रवि) सोलंकी ने उपाध्यक्ष मुकेश यादव एवं रवि वर्मा एवं संचालक मंडल के सदस्य विजय अग्रवाल, अमित श्रीवास्तव, रामचंद्र शर्मा, सुशीला जाटवा व दुर्गा बिलोटिया के साथ प्राधिकरण कार्यालय की समस्त शाखाओं का भ्रमण किया जाकर अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया।


कार्यालय परिसर में भी निरीक्षण के पश्चात संचालक मंडल के सभी सदस्यों के साथ अध्यक्ष ने अनौपचारिक बैठक ली जाकर आगामी योजनाओं को मूर्तरूप देने के संबंध में चर्चा की। निरीक्षण के समय मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप सोनी एवं प्राधिकरण के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आगर रोड पर बाइक से लौट रहे युवक को कार ने कुचला, मौत

- मृतक अरविंद पिता अशोक चावड़ा
- चलाता था पोकलेन मशीन

**उज्जैन।** आगर रोड पर रात में बाइक सवार को तेज गति से आई कार ने टक्कर मार दी। बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक कार छोड़कर भाग निकला था। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम कराया है।

घट्टिया तहसील के ग्राम कलेसर में रहने वाला अरविंद पिता अशोक चावड़ा 25 वर्ष पोकलेन मशीन चलाता था। रात में वह ग्राम गुनई में काम खत्म होने के बाद पोकलेन मशीन खड़ी कर बाइक से घर आ रहा था। रास्ते में ग्राम ढाबला गौरी के समीप उसे तेज गति से आई कार ने टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद चालक कार छोड़कर भाग निकला। लेकिन अरविंद की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस मृतक को चरक अस्पताल लेकर पहुंची।



ग्रामीणों की वजह से हुई पहचान के बाद परिजन अस्पताल पहुंच गए थे। बुधवार सुबह पोस्टमार्टम कराया गया। इस दौरान परिजनों ने बताया कि पत्नी गर्भवती है। पुलिस ने कार चालक की तलाश शुरू की है।

### इंदौर रोड पर रात 1.30 बजे एक्सीडेंट

इधर अज्ञात वाहन ने युवक को कुचला सड़क दुर्घटना एक अन्य मामला चिंतामण जवासिया में रहने वाले आकाश पिता मोहनलाल के साथ इंदौर रोड स्थित पंथपिपलई में हुआ। अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी थी। गंभीर रूप से घायल होने पर उसके पास मिले मोबाइल से घटना स्थल पर मौजूद एक युवक ने परिजनों को कॉल किया। इस बीच एम्बुलेंस नहीं पहुंची। जवासिया से भाई घटना स्थल पहुंच गया। आकाश को अस्पताल लाया गया। लेकिन कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि आकाश शादी में शामिल होने के लिए ग्राम बालोदा गया था जहां से रात में लौटते समय दुर्घटना हुई है। पुलिस अज्ञात वाहन का पता लगा रही है।

# शॉपिंग कॉम्प्लेक्स कार्य 31 तक हो पूर्ण...

**उज्जैन।** अलखधाम स्थित निर्माणधीन मंशापूर्ण शॉपिंग कॉम्प्लेक्स जिसमें 118 दुकानों के साथ 30 ऑफिस है जिसकी लागत राशि रुपए लगभग 10 करोड़ है। जिसका निर्माण नगर निगम द्वारा किया जा रहा है।

महापौर मुकेश टटवाल ने बुधवार को संबंधित कंसलटेंट एजेंसी एवं निगम अधिकारियों के साथ उक्त कार्य का निरीक्षण किया गया एवं निगम अधिकारियों को निर्देश दिए गए की 31 मई तक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के शेष कार्य को पूर्ण करे। महापौर ने निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदार को निर्देशित किया कि कार्य बहुत धीमी गति से चल रहा है। शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण कार्य लगभग पूर्णता की ओर है जो भी शेष कार्य रिक्त हैं जिसमें फिनिशिंग, फ्रंट वर्क, लिफ्ट लगाने के कार्य इत्यादि ऐसे छोटे-छोटे कार्यों को 31 मई तक पूर्ण किया जाए। साथ ही शॉपिंग कंपलेक्स की जो 52 दुकाने एवं ऑफिस रिक्त हैं। उनके लिए भी विज्ञप्ति जारी की जाए, साथ ही



कॉम्प्लेक्स की ड्राइंग डिजाइन, सूचना पटल, फ्लेक्स के माध्यम से नागरिकों को जानकारी प्रदान करें। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री निर्झर शुक्ला एवं संबंधित कार्य के ठेकेदार कंसलटेंट उपस्थित रहे।

## एक नजर में




### लघुवेतन कर्मचारी संघ ने किया स्वागत

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा द्वारा अजाक्स के नवनियुक्त प्रदेश महासचिव महेश विरोलिया का भव्य स्वागत किया गया। जिला कार्यालय 16 क्वार्टर पर जिलाध्यक्ष हेमराज घावरी के नेतृत्व में आयोजित इस सम्मान समारोह में महेश विरोलिया को महाकाल का दुपट्टा ओढ़ाकर और पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। जिला मीडिया प्रभारी रवि चौहान ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संभाग कोर कमेटी अध्यक्ष जीतेन्द्र भाटी उपस्थित थे। इस अवसर पर विशेष रूप से रमेशचंद चांगेसिया, प्रदेश संगठन सचिव मनोहर लाल गोहर, संभाग उपाध्यक्ष जीतेन्द्र कुमार गोसर, जिला सचिव मुकेश रायकवार, जिला उपाध्यक्ष कुन्दन गिरजे, अम्बाराम मालवीय, भारती झांजोट और देवकन्या बाई सहित संघ के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



### कम वजन के जन्मे शिशु को डॉक्टरों ने बचाया

**उज्जैन।** जिले के शासकीय जिला चिकित्सालय, चरक भवन में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों के अथक प्रयासों से एक बेहद कम वजन वाले नवजात शिशु की जान बचाई गई है। शहर के शाहजीनगर निवासी कार्तिक सिसोदिया की पत्नी वर्णा सिसोदिया ने जिला चिकित्सालय, चरक भवन में एक अत्यंत कम वजन (980 ग्राम) वाले शिशु को जन्म दिया। जन्म के समय शिशु स्वयं सांस नहीं ले पा रहा था और उसकी जान खतरे में थी। तुरंत नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती कर लिया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला उज्जैन डॉ. अशोक कुमार पटेल के मार्गदर्शन में डॉ. वासुदेव शर्मा एवं उनकी टीम ने शिशु को तत्काल ऑक्सीजन, निरंतर निगरानी, दवाइयों एवं उचित पोषण प्रदान कर जीवन बचाने का पूरा प्रयास किया। टीम के अथक प्रयासों से शिशु की स्थिति धीरे-धीरे सुधरी। शिशु सामान्य रूप से सांस लेने लगा, उसका वजन बढ़कर 1 किलो 450 ग्राम हो गया। उपचार के सफल परिणामस्वरूप शिशु को स्वस्थ घोषित कर अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। वर्तमान में शिशु का नियमित फॉलो-अप लिया जा रहा है।

### प्रतिकल्पा की नृत्य प्रशिक्षण कार्यशाला 3 मई से

**उज्जैन।** शहर की प्रतिष्ठित प्रतिकल्पा सांस्कृतिक संस्था द्वारा आयोजित 20वीं नृत्य प्रशिक्षण कार्यशाला 3 मई से शुरू होने जा रही है। इस विशेष कार्यशाला में नृत्य की त्रिधारा अर्थात शास्त्रीय, लोक और बॉलीवुड शैलियों का उत्कृष्ट प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। वरिष्ठ नृत्य गुरु डॉ. पल्लवी किशन ने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य बच्चों, युवाओं और महिलाओं को मंच से जोड़ना तथा उनमें कला के संस्कार रोपित करना है। इसी उद्देश्य को लेकर संस्था बीते 20 वर्षों से निरंतर इस प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन कर रही है। कार्यशाला में दक्षिण भारत की प्रसिद्ध नृत्य शैली भरतनाट्यम का प्रशिक्षण सयाजीराव यूनिवर्सिटी बड़ौदा की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर स्मृति वाघेला एवं वरिष्ठ नृत्यांगना अरनी भक्त द्वारा प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा बच्चों को बॉलीवुड नृत्य का प्रशिक्षण यूफोरिया डांस स्टूडियो के डायरेक्टर सोनू जोसेफ देंगे। वहीं, महिलाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से लोकनृत्य का विशेष प्रशिक्षण डॉ. पल्लवी किशन एवं लोकेश सिंह तोमर द्वारा दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण माधव नगर रेलवे स्टेशन के सामने, फ्रीगंज स्थित भारतीय ज्ञानपीठ परिसर में आयोजित किया जाएगा। संस्था अध्यक्ष डॉ. शिव चौरसिया, डॉ. अनीता चौधरी, कुमार किशन, रविंद्र देवलेकर, मिलन गुप्ता, विजय भागचंदानी, लकी राठौर और नैना सिंह सोलंकी ने शहर के कलाप्रेमियों से इस कार्यशाला में भाग लेने का आह्वान किया है। इच्छुक विश्वविद्यालय मार्ग स्थित 8 आशा भवन में प्रतिकल्पा कार्यालय पर या संपर्क करें।

## झोन 3 में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की

**उज्जैन।** झोन क्रमांक 03 के अंतर्गत झालरिया मठ से रामघाट चौड़ीकरण कार्य के बाधित अवैध अतिक्रमण को जिला प्रशासन, नगर निगम एवं स्मार्ट सिटी के संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए उक्त अतिक्रमण को हटाया गया। कार्रवाई के दौरान स्मार्ट सिटी सीईओ संदीप शिवा, तहसीलदार शेफाली जैन, भवन अधिकारी राजकुमार राठौर, स्मार्ट सिटी के अधिकारी एवं नगर निगम रिमूवल गैंग के कर्मचारी उपस्थित रहे।



# आस्था के संग विकास का उजाला, निर्माण कार्यों में तेजी

## ऊर्जा प्रबंधन को मिली गति

- संभागायुक्त आशीष सिंह और कलेक्टर ने लिया जायजा

**उज्जैन। महाकाल की नगरी में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव महाकुंभ के मद्देनजर जो व्यवस्थाएं सुविधाएं जुटा रहे हैं उसकी तैयारी युद्ध स्तर पर चल रही है। संभागआयुक्त आशीष सिंह और कलेक्टर रोशन कुमार सिंह, तपती धूप हो या आधी रात कभी भी कहीं भी निकल पड़ते हैं और गुणवत्तापूर्ण कार्य करवा रहे हैं। इसी संख्या में विद्युत व्यवस्था भी देखी गई।**

सिंहस्थ-2028 की तैयारियों ने उज्जैन में विकास और आस्था के संगम को नई गति दे दी है। विश्वस्तरीय महापर्व को सफल बनाने के लिए प्रशासन अब बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने में पूरी शक्ति से जुटा है। इसी क्रम में ऊर्जा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में चल रहे कार्यों का उच्चस्तरीय निरीक्षण हुआ, जहां स्पष्ट संदेश दिया गया कि श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़ा हर कार्य तय समय में पूरा होना ही प्राथमिकता है।

वाल्मीकि धाम स्थित सब स्टेशन पर निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त आशीष सिंह ने परिसर को सौंदर्यपूर्ण बनाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि खाली स्थानों पर फूलदार और सजावटी पौधे लगाए जाएं, जिससे धार्मिक वातावरण के अनुरूप परिसर आकर्षक दिखे। साथ ही रिटर्निंग वॉल के पीछे बह रहे नाले को व्यवस्थित रूप से डायवर्ट करने के निर्देश दिए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो।



### विद्युत सब स्टेशन-निर्माण कार्य में गति आई

उज्जैन में सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखते हुए ऊर्जा विभाग द्वारा स्थापित किए जा रहे नए विद्युत सब स्टेशनों को बिजली सुविधा की व्यवस्था का आधार माना जा रहा है। संभागायुक्त एवं सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने बुधवार को प्रगतिरत कार्यों का निरीक्षण कर अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और सभी कार्य समयसीमा में पूर्ण किए जाएं। निरीक्षण में ऊर्जा विभाग की कार्यपालन यंत्री पल्लवी तेंलग और अधीक्षक यंत्री वीके मालवीय ने बताया कि अधिकांश स्थानों पर सिविल कार्य पूर्ण होने के बाद विद्युत उपकरणों की स्थापना तेजी से जारी है।

### नानाखेड़ा में बन रहा 33/11 केवी स्टेशन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप सिंहस्थ को वैश्विक स्तर का आयोजन बनाने के लिए हर विभाग सक्रिय है। इसी कड़ी में चारधाम क्षेत्र, सदावल रोड नागतलाई, वाल्मीकि धाम और नानाखेड़ा में बन रहे 33/11 केवी विद्युत सब स्टेशनों और कंट्रोल रूम के निर्माण कार्यों का जायजा लिया गया। इन परियोजनाओं के माध्यम से मेला क्षेत्र, घाटों और पूरे शहर में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में ठोस तैयारी की जा रही है।

# धार्मिक नगरी में विश्व शांति के लिए 1108 बार गूंजी हनुमान चालीसा

**उज्जैन।** धार्मिक नगरी उज्जैन में विश्व शांति और मानव कल्याण की कामना के साथ शिवशक्ति महायज्ञ एवं संगीतमय 1108 हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ श्रद्धापूर्वक संपन्न हुआ।

विश्व में जारी युद्ध की विभीषिका और पीड़ित मानवता की रक्षा के उद्देश्य से आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर शांति की प्रार्थना की। चामुंडा माता मंदिर के सामने स्थित पशुपतिनाथ मंदिर परिसर में यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक यज्ञ और पाठ के रूप में चला। इसके पश्चात दोपहर 3.30 बजे से हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ का शुभारंभ हुआ। इस दौरान पूरा परिसर भक्तिमय हो गया और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली।

कार्यक्रम में रेखा चंदेल एवं अक्षता यादव के साथ ही आयोजन समिति के सदस्य रवीना चौहान, मयूरी जैन, श्वेता चौहान, भारती वर्मा, ज्योति स्वामी, पिंकी यादव, नमिता वर्मा और श्रवण सिंह दरबार के नेतृत्व में यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समिति ने आयोजन में शामिल होकर धर्म लाभ लेने वाले सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।



### आयोजन में संतों का मिला सानिध्य

आयोजन में महामंडलेश्वर स्वामी शांति स्वरूपानंद गिरी महाराज एवं आचार्य अखिलेश महाराज का पावन आशीर्वचन प्राप्त हुआ। इस वृहद आयोजन को नारायण यादव, सांसद अनिल फिरोजिया और विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा का विशेष संरक्षण एवं सहयोग प्राप्त हुआ।

# पान बिहार में मिली 4 माह से लापता बालिका

**उज्जैन।** तराना तहसील की रहने वाली नाबालिग दिसबर 2025 में लापता हो गई थी। परिजनों ने रिश्तेदारी में तलाश करने के बाद अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसला कर ले जाने की शिकायत पुलिस को दर्ज कराई।

मामला नाबालिग से जुड़ा होने पर पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर तलाश शुरू की। जांच के दौरान पता चला कि तहसील का रहने वाला गोविंद नामक युवक भी लापता है। संभवतः वहीं नाबालिग को बहला-फुसला कर अपने साथ ले गया है। चार माह से लगातार पुलिस दोनों की तलाश कर रही थी। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर मंगलवार सुबह पता चला कि नाबालिग के साथ गोविंद पानबिहार क्षेत्र में छुपा हुआ है। थाना प्रभारी रामनारायण सिंह भदौरिया ने एएसआई बसंती अमलियार, आरक्षक अर्चित शर्मा, आरक्षक आनंद और महिला आरक्षक रविना पाटीदार की टीम को पानबिहार रवाना किया। जहां एक मकान से दोनों को दस्तयाब कर लिया गया। तराना लाने पर सामने आया कि गोविंद शादी का झांसा देकर ले गया था, उसने गलत काम किया है। थाना प्रभारी के अनुसार नाबालिग के बयान पर मामले में दुष्कर्म की धारा का इजाफा किया गया है। युवक से पूछताछ जारी है। बुधवार दोपहर न्यायालय में पेश किया गया।

**नई सुविधा मंदिर में** — मंदिर समिति की नई पहल, जल्द ऑनलाइन दान के साथ शुरू होगी सुविधा

# महाकाल अन्नक्षेत्र में दान देने वाले भगवान को भी लगा सकेंगे भोग

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर में श्रद्धालु अब भगवान को रोज सुबह होने वाली भोग आरती में अपनी ओर से भोग लगा सकेंगे। इसके लिए मंदिर प्रबंध समिति के नि:शुल्क अन्नक्षेत्र में दान देना होगा। दान देने वालों को इस सुविधा का लाभ मिलेगा। दान भी ऑनलाइन लिया जाएगा।



मंदिर प्रबंध समिति जल्द ही नई सुविधा शुरू करने जा रही है। मंदिर के अन्नक्षेत्र में श्रद्धालु प्रतिदिन अपनी श्रद्धा से दान देते हैं। जिसके लिए काउंटर पर नकद राशि देकर रसीद कटानी होती है। अब श्रद्धालु सीधे यहां ऑनलाइन दान कर सकेंगे। इतना ही नहीं दान देने वाले भक्तों को रोज होने वाली भोग आरती में भगवान महाकाल को भोग लगाने का अवसर भी मिलेगा।

### दो शिफ्ट में हजारों लोग लेते हैं प्रसादी

अन्नक्षेत्र का संचालन दान से होता है। रोज सुबह-शाम दो शिफ्ट में हजारों लोग नि:शुल्क भोजन प्रसाद ग्रहण करते हैं। इसके लिए उन्हें मंदिर के अंदर स्थित समिति के काउंटर से कूपन देते है। बता दें कि उक्त अन्नक्षेत्र में प्रतिदिन वीआईपी और नेता और अभिनेता भी भोजन प्रसादी ग्रहण करते हैं। इस अन्नक्षेत्र में सभी वर्ग के लोग यहां पर आकर प्रसादी लेते हैं।

### समिति की वेबसाइट के जरिए देश-विदेश से दान कर सकेंगे

उज्जैन ही नहीं देश-विदेश में कहीं भी रह रहे भगवान महाकाल के भक्त अब मंदिर प्रबंध समिति की इस ऑफिशियल वेबसाइट https://www.shrimahakaleshwar.mp.gov.in के जरिए कही से भी कभी भी ऑनलाइन दान कर सकेंगे। अन्नक्षेत्र में एक दिन में दोनों समय की भोजन प्रसादी के लिए 1 लाख 10 हजार रुपए, एक समय के लिए 51 हजार रुपए और मीठे प्रसाद के लिए 21 हजार रुपए की दान राशि निर्धारित है। श्रद्धालु साल के 365 दिन में किसी भी तारीख के लिए पहले से बुकिंग कर सकते हैं। अपने जन्मदिन, मैरिज एनिवर्सरी या अन्य शुभ अवसरों पर भी भोजन प्रसादी का आयोजन कराया जा सकता है। दान करने वाले श्रद्धालुओं को भोग आरती के दौरान मंदिर ले जाया जाएगा और उनके हाथों से भगवान महाकाल को भोग अर्पित कराया जाएगा। यह भोग रोजाना सुबह 10 बजे भोग अर्पित किया जाता है। भोग की थाली में रोटी, दाल, चावल, दो सब्जी व एक मीठा रहता हैं।

## भूखी माता घाट पर स्वच्छता के साथ श्रमदान

**उज्जैन।** सिंहस्थ महापर्व 2028 की तैयारियों एवं स्वच्छ भारत मिशन 2.0 अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2025 एवं जल गंगा संवर्धन अभियान, पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत क्षिप्रा नदी के प्रमुख घाटों पर समुचित सफाई व्यवस्था एवं स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता अभियान के तहत दिनांक 2 मई में शनिवार को नगर निगम उज्जैन द्वारा भूखी माता घाट पर सफाई अभियान एवं श्रमदान किया जाएगा। जिसमें जनप्रतिनिधि गण, शहरवासी, सामाजिक सेवा संगठन उक्त अभियान के अंतर्गत अपनी भागीदारी करेंगे, अभियान अंतर्गत अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह को नोडल अधिकारी एवं उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जो संपूर्ण गतिविधियों पर नियंत्रण रखने का कार्य करेंगे।